डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी में स्वच्छता पखवाड़ा 18 से 29 अप्रैल तक

आयोजित किए जाएँगे कई कार्यक्रम

20 अप्रैल को पर्यावरण और साहित्य विषय पर होगा परिसंवाद

नई दिल्ली। 18 अप्रैल 2022; साहित्य अकादेमी में 18 से 29 अप्रैल के बीच स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज स्वच्छता शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। साहित्य अकादेमी के सभी कर्मचारियों ने इस अवसर पर शपथ ग्रहण करते हुए संकल्प लिया कि वे पूरे वर्ष में स्वच्छता के लिए 100 घंटे देने का स्वयं प्रयास करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। शपथ ग्रहण से पहले साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता मानसिक एवं शारीरिक उन्नति के लिए बेहद आवश्यक है। अतः हमें इसे पूरी ईमानदारी से अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने पखवाड़े के दौरान के मुख्य दिल्ली कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की भी विस्तृत जानकारी दी।

पखवाड़े के दौरान साहित्य अकादेमी के दिल्ली कार्यालय सहित अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों मुंबई, कोलकाता, बेंग्लुरु एवं चेन्नै कार्यालयों में भी स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, जिनमें परिसंवाद, कार्यालय एवं परिसर की सफाई एवं वृक्षारोपण शामिल हैं। दिल्ली कार्यालय में 20 अप्रैल को सायं 4.00 बजे पर्यावरण और साहित्य विषय पर एक परिसंवाद का आयोजन किया गया है, जिसके मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी एवं सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक विंदेश्वर पाठक होंगे तथा प्रख्यात पत्रकार राहुल देव एवं साहित्यकार बी.एल. गौड़, नारायण सिंह, राकेश पांडेय एवं अलका सिन्हा अपने–अपने विचार व्यक्त करेंगे।

के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in